जनजातीय समुदाय का डाटाबेस बने : मुंडा

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली । जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को केन्द्र और राज्य के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने का अनुरोध करते हुए कहा कि इस समुदाय के लोगों का डाटाबेस तैयार करें जिससे उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति का पता चल सके ।

श्री मुंडा ने यहां अपने मंत्रालय के ई गार्वनेंस पोर्टल को जारी करने के बाद एक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि डाटाबेस के आधार पर लोगों की स्थिति का आकलन किया जा सकेगा। इससे पता चल सकेगा कि जनजातीय समुदाय के कितने लोग शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और इसके बाद वे रोजगार के किस क्षेत्र से जुड़े हैं। इसके साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका सालाना विकास दर क्या है। यदि वे किसी मामले में पिछड़ते हैं तो उसे दुरुस्त किया जा सकेगा । उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आदिवासियों के मामले में केवल औपचारिकता नहीं निभानी

चाहिए बल्कि कार्य को अंजाम तक पहुंचाना चाहिए । उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए और उसे समय से पहले प्राप्त किया जाना चाहिए । यह एक ऐसा मंत्रालय है जिसके तह में जाने की जरूरत है क्योंकि इसका जो परिणाम निकलेगा उससे उन्हें संतुष्टि प्राप्त होगी और उसका लाभ समाज के सबसे पिछड़े को मिलेगा । श्री मुंडा ने कहा कि आज समाज के सभी वर्गों के लोग गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना चाहते हैं और यह समय की मांग भी है । पारदर्शी प्रशासन के माध्यम से ऐसा आसानी से किया जा सकता है । सरकार का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास का है । अधिकारी अपने दायित्वों को पूरा करें तो गरीबों की मदद की जा सकती है । उन्होंने कहा उनका लक्ष्य जनजातीय बहुल इलाकों में एकलव्य विद्यालय परियोजना को तेजी से कार्यान्वित करने पर है जिसे नवोदय विद्यालय की तर्ज पर चलाया जायेगा । जनजातिय मामलों की राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरुता ने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही जनजातीय समाज पिछड़ हुआ है । वे जंगल और पहाड़ पर रहते हैं और वहीं अपना जीवन यापन करते हैं । सामान्य लोगों की तुलना में जनजातीय लोग कम पढ़ते हैं । इस खामी का पता लगाना होगा और और अंतर को पाटने के गंभीर प्रयास भी करने होंगे ।

आदिवासी समाज की कल्याणकारी योजनाओं के पोर्टल का लोकार्पण

नई दिल्ली (विप्र) । जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बुधवार को उनकी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले एक पोर्टल का लोकार्पण किया। श्री मुंडा ने यहां एक समारोह में आदिवासी समाज की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले पोर्टल 'ई गर्वेनेंस पोर्टल्स फॉर एस टी वेलफेयर स्कीम्स' को आम जनता के लिए जारी किया। इस अवसर पर जनजातीय मंत्रालय में राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरुता और सचिव दीपक खांडेकर , राष्ट्रीय जनजातीय आयोग के अध्यक्ष नंद किशोर साई ,उपाध्यक्ष अनुसूईया उईके और ट्राईफिड के अध्यक्ष रमेश चंद मीना मौजूद थे। श्री मुंडा ने कहा कि सरकार आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने इसके लिए आदिवासी समाज की आमदनी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाएं हैं। आदिवासी युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कश्मीर में बारिश से तबाही, 3 की मौत

अनिल एस साक्षी

जम्मू। कश्मीर में मात्र एक दिन की बारिश ने कहर बरपाया है। तीन लोगों की मौत हो गई है। नदी-नाले उफान पर हैं। कई इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। बांडीपोरा में जहां मकान पर पेड़ गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई वहीं गांदरबल में कुल्ले पर पेड़ गिरने से गुज्जर समुदाय के एक व्यक्ति की मौत जबकि दो अन्य घायल हो गए। यही नहीं बारिश के बाद नदी-नालों में आए उफान के कारण कई पुल बह गए और तटबंध बह जाने के कारण बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में घुस आया। प्रशासन अपने तौर पर लोगों का मदद पहुंचा रही है जबकि स्थानीय लोग भी राहत कार्य में जुटे हुए हैं। उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा जिले के चंदाजी गांव में तेज हवा की चपेट में आकर एक पेड़ मकान पर आ गिरा और उसमें दबकर दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतक की पहचान शरीफा बेगम और मुबेना बानो के रूप में हुई है। यह घटना मंगलवार रात की है।

बांडीपोरा में हुई इस मुसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव भी हो गया है। यही नहीं पपसन में कुछ पुराने पुल और नदी तटबंध भी बह गए हैं। हालांकि अब तक अन्य किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

वहीं गांदरबल जिले के रामबारी गुंड के ऊपरी जंगलों में डेरा डाले गुज्जर समुदाय के एक व्यक्ति की कुल्ले पर पेड़ गिरने से मौत हो गई जबकि परिवार के दो अन्य सदस्य घायल हो गए। मृतक की पहचान मोहम्मद युसुफ कालदाके रूप में हुई है। जबकि घायलों में गुलाम हैदर और अब्दुल लतीफ शामिल हैं।

इसके अलावा मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में सोगाम पुल के पास दुधगंगा नाले के बीच भी दो चरवाहे लगभग400-500भेड़ें,बकरियों के साथ फंस गए। रात भर हुई बारिश के कारण नाले में बाढ़ गई और चरवाहे अपने पशुओं के साथ वहां से निकल नहीं पाए। इस बात का पता चलते ही प्रशासन और स्थानीय स्वयं सेवक के सदस्य उनकी मदद को वहां पहुंच गए। एक अस्थायी ओवरपास का निर्माण किया और चरवाहों को पशुओं के साथ वहां से निकाल लिया गया। तेज आंधी व बारिश ने कश्मीर के कई हिस्सों में कहर बरपाया है। इसकी चपेट में आकर कई घर,दुकानें और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के तंगमर्ग इलाके में11-12जून की रात को बाढ़ के कारण पुल ढह गया। यह पुल (आई ब्रिज) चेंगमरा, चौक, चंगेल, वनिगम, कुल्लामा, दरहामा, बुडकोटे, रिगावरी, गोगलडोर, दाराकाशी, मुशीखुर, झंडपाल और गंगवानी सहित 14 गांवों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ता है।

निपाह से निपटने को तैयार है पुडुचेरी

पुडुचेरी, (भाषा)। पुडुचेरी सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने निपाह के प्रकोप से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। तमिलनाडु के एक व्यक्ति में इस वायरस के लक्षण पाए जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि तमिलनाडु के कुड्डलोर जिले के 50 वर्षीय एक व्यक्ति को सरकारी अस्पताल जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया है। उसमें बुखार और एन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क में सूजन) के लक्षण पाए गए हैं। यह हाल ही में केरल के गुरुवायूर से लौटा था, जहां निपाह का एक मामला सामने आया है। पुडुचेरी के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं के निदेशक के.वी. रमण ने पीटीआई-भाषा से को बताया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) ने मंगलवार को एक आपात समीक्षा बैठक की। अधिकारी ने यह भी बताया कि रोगी के शरीर से तरल के नमूने लेकर उसे जांच के लिए पुणे के वायरोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने बताया कि बीमारी को फैलने से रोकने के लिए इंदिरा गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट की मदद से सरकारी मेस्ट हिर्गोज अस्पताल में पृथक वार्ड स्थापित किए गए हैं।

अरुणाचल में वायु सेना का बचाव अभियान जोरों पर

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश में नौ दिन पहले लापता हुए वायु सेना के परिवहन विमान एएन-32 के मलबे का पता लगाने के बाद अब पूरी ताकत के साथ बचाव अभियान चलाया जा रहा है। दुर्घटनास्थल का पता चलने के बाद वायु सेना के 4 गरुड़ कमांडो सहित सेना और स्थानीय पर्वतारोहियों के एक दल को एम आई-17 हेलिकॉप्टर तथा सेना के ध्रुव हेलिकॉप्टर की मदद से इसके निकट उतारा गया है।

बचाव दल ने वहां एक छोटा सा शिविर बनाया है। यह हादसा समुद्रतल से 12 हजार फुट की ऊंचाई पर हुआ था। वहां हेलिकॉप्टर को उतारना मुश्किल है इसलिए वायु सेना ने बचाव दल के लोगों को हेलिकॉप्टरों से उतारने का निर्णय लिया। घने जंगल और दुर्गम क्षेत्र को देखते हुए बचाव दल को मलबे तक पहुंचने में कुछ समय लगेगा। बचाव दल की प्राथमिकता विमान में सवार लोगों को तलाशने की है। वायुसेना ने बताया, ''अब विमान में सवार लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर यह पता लगाया जा रहा है कि उनमें कोई जीवित बचा भी है या नहीं।'' इस बीच पहले से ही दुर्घटनास्थल के लिए रवाना जमीनी दस्ता भी अपने अभियान में आगे बढ़ रहा है। आठ दिन के तलाशी अभियान के बाद दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले के लिपो गांव से 16 किलोमीटर दूर मिला था। विमान ने गत 3 जून को असम के जोरहाट से अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले में स्थित मेचुका एडवांस लैंडिंग ग्राउंड के लिए उड़ान भरी थी।

नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे गहलोत

जयपुर, (वार्ता) राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 15 जून को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे तथा सूखा सहित अन्य समस्याओं को सामने रखेंगे। श्री गहलोत ने आज यहां मीडिया से बातचीत में नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह नीति आयोग की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूखा सहित अन्य मुद्दों पर बैठक में वह अपने विचार रखेंगे। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नीति आयोग की बैठक में भाग नहीं लेने की खबरों के बाद श्री गहलोत के भी दिल्ली नहीं जाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं, क्योंकि नीति आयोग को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 29 मार्च को ट्विट किया था कि हम सत्ता में आये तो नीति आयोग को खत्म करेंगे।

वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण का काम युद्ध स्तर पर होगा: नकवी

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि अल्पसंख्यक समाज के शैक्षणिक सशक्तीकरण एवं रोजगार सृजन के मकसद से वक्फ संपत्तियों के विकास का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा और पूरे देश में ऐसी संपत्तियों का 100 फीसदी डिजिटलीकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्रीय वक्फ परिषद की 80वीं बैठक के बाद नकवी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश भर में वक्फ संपत्तियों पर स्कूल, कालेज, हास्पिटल, सामुदायिक भवन आदि के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम पीएमजेवीके के तहत शत-प्रतिशत फंडिंग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देश भर में वक्फ संपत्तियों के समाज विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों के शैक्षिक सशक्तिकरण एवं रोजगारपरक कौशल विकास के लिए इस्तेमाल हेतु केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर अभियान चलाने का फैसला लिया है। नकवी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रमें के तहत देश के उन पिछड़े क्षेत्रों में तबको और विशेषकर लड़कियों की शिक्षा एवं रोजगारपरक कौशल विकास हेतु मूलभूत सुविधाएं पहुंचा रही है जहां आजादी के बाद से यह सुविधाएं नहीं पहुंच पाई थी।

गुजरात के कांग्रेस कार्यकर्ता मदद के लिए रहें तैयार : राहुल

नई दिल्ली, (वीओ)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में चक्रवाती तूफान 'वायु' की आशंका को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद के लिए तैयार रहने को कहा है। श्री गांधी ने बुधवार को ट्वीट किया, ''चक्रवात 'वायु' गुजरात तट के करीब पहुंचने वाला है। मैं गुजरात के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे इसके रास्ते में आने वाले सभी क्षेत्रों में मदद के लिए तैयार रहें। मैं चक्रवाती तूफान से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के सभी लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।'' मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में हवा के कम दबाव की स्थिति गहराने के कारण उत्पन्न चक्रवाती तूफान 'वायु' 13 जून की सुबह तक गुजरात पहुंच जायेगा जिसे देखते हुए राज्य सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने पर्यटकों से सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है।

मप्र के पूर्व मंत्री शिवनारायण मीणा का निधन

गुना (मध्यप्रदेश), (भाषा)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री शिवनारायण मीणा का मंगलवार देर रात उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। परिजनों के अनुसार वह केदारनाथ की यात्रा पर थे। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा और हृदय गति रुकने से निधन हो गया।उनके परिवार में एक बेटा एवं एक बेटी है।उनका अंतिम संस्कार मध्यप्रदेश के गुना जिले स्थित कीटासखेड़ी में बृहस्पतिवार को किया जाएगा। चांचौड़ा से विधायक रहे मीणा कांग्रेस नीत दिग्विजय सिंह की सरकार में मंत्री रहे थे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ट्वीट कर मीणा के निधन पर शोक जताया।

नाबालिग के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले में व्यक्ति बरी

ठाणे, (भाषा)। महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग लड़की को अगवा करने और उसके साथ यौन दुर्व्यवहार करने के आरोप से 36 वर्षीय व्यक्ति को बरी कर दिया है।

जिला न्यायाधीश एस बी वहलकर ने पिछले सप्ताह अपने आदेश में कहा कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने में विलंब हुआ जबकि यह अत्यधिक महत्वपूर्ण साक्ष्य था और ऐसा कोई चिकित्सीय साक्ष्य नहीं था जिससे यह पता चलता कि उसका यौन उत्पीड़न हुआ था। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि ठाणे के वाडा तालुक की रहने वाली पीड़िता सात मार्च, 2013 को दसवीं कक्षा की परीक्षा देने गई थी लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। उस समय पीड़िता की उम्र 16 साल थी। उसके परिवार के सदस्यों को बाद में पता चला कि वह आरोपी चेतन कालीलाल पाटिल के साथ गई है। उन्होंने तीन दिन बाद पुलिस से संपर्क किया जब उन्हें पीड़िता और आरोपी मिल गये। पुलिस ने बाद में आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) और 366-ए (नाबालिग लड़की की खरीद) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण के प्रावधान (पोक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया था। न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि पीड़िता के पिता ने लड़की के तीन दिनों तक लापता रहने के बाद घर लौटने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायी।

न्यायाधीश ने कहा कि थाना दो मील की दूरी पर होने के बावजूद 20 घंटे से अधिक समय तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराये जाने जैसे तथ्य के मद्देनजर साक्ष्य के आधार पर दोषी ठहराना असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि आरोपी उसे विभिन्न स्थानों पर ले गया और उसके साथ यौन संबंध बनाए। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि जांच अधिकारी या एक महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़िता का बयान दर्ज नहीं किया। यह तो सिर्फ अभियोजन पक्ष के आग्रह पर अदालत के समक्ष उसका बयान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि किसी चिकित्सा परीक्षण में भी यह सामने नहीं आया कि आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। न्यायाधीश ने कहा कि इस आधार पर सहजता से यह निष्कर्ष निकलता है कि अभियोजन आरोपी को दोषी साबित करने में विफल रहा है।

कांग्रेस के दस विधायक पार्टी में आने के इच्छुक : गोवा भाजपा

पणजी, (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गोवा इकाई के प्रमुख विनय तेंदुलकर ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में कांग्रेस के दस विधायकों ने बीते एक पखवाड़े में भगवा दल में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने हालांकि यह प्रस्ताव स्वीकार करने से इंकार कर दिया क्योंकि विधानसभा में उसके पास पर्याप्त बहुमत है और मौजूदा सरकार अपने सहयोगी दलों की मदद से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। गोवा कांग्रेस के प्रमुख गिरीश चोडणकर ने हालांकि भाजपा नेता के इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार कर दिया। तेंदुलकर का बयान ऐसे समय में सामने आया है जब चोडणकर ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह उनके विधायकों को भगवा दल में शामिल होने के लिए करोड़ों रुपये देने की पेशकश कर रही है।

तेंदुलकर इस आरोप को खारिज कर चुके हैं।

गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 17 और कांग्रेस के 15 विधायक हैं। गोवा फॉरवर्ड पार्टी के जीएफपी के तीन, तीन निर्दलीय और राकांपा व महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी का एक-एक विधायक है।

जीएफपी विधायक और निर्दलीय विधायक भाजपा नीत सरकार का समर्थन कर रहे हैं।

असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड
CIN: L26102DL1984PLC019542
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नं. 203 से 208, विपुल कॉम्प्लेक्स, ईस्टर्न स्पर, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110065, फोन(011) 49454900
कॉर्पोरेट कार्यालय: पाथस्थल, टॉवर-बी, ग्लोबल बिजनेस पार्क, मेहरौली-गुड़गांव रोड, गुड़गांव-122002 (हरियाणा) Email: investorrelations@aisglass.com, Website: www.aisglass.com
फोन (0124)-4062212-19, फैक्स: (0124)-4062244/88,

सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निम्नलिखित शेयरधारकों ने नीचे वर्णित सूची के अनुसार पुराने डुप्लिकेट डीड (मार्क त्यो) के साथ शेयरों के अंतरण के लिए शेयर प्रमाणपत्रों के साथ डुप्लिकेट डीड दर्ज की है।

हस्तांतरणकर्ता का नाम	फोलियो नं.	विशिष्ट संख्या से - तक	प्रमाण पत्र सं.	शेयरों की सं.	हस्तांतरिती का नाम
मुन्ना चटिया	00040577	86632026 से 86632062	182895	37	विनय कपूर
संजय रस्तोगिया	00064959	76438610 से 76438646	154456	37	विमल कुमार शाह
संजय रस्तोगिया	00064959	87309370 से 87309406	197962	37	विमल कुमार शाह

सेबी सर्कुलर दिनांक 6 नवम्बर, 2018 के अनुसार सर्कुलर के खण्ड 2(ग) में सर्कुलर में वर्णित अनुसार हस्तांतरिती द्वारा शर्तों को पूरा करने के अधीन हस्तांतरणकर्ता के हस्ताक्षर की गैर-उपलब्धता/मृत्यु असमानता के मामले में पुराने भौतिक शेयरों का अंतरण स्वीकार्य है। यदि कम्पनी/इसके रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)-मैसर्स लिंक इन्टाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली पश्चिम, मुम्बई-400083 को इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो कम्पनी शेयरों के अंतरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर देगी।

कृते असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड
ह/-
गोपाल गनजा
कार्यपालक निदेशक
जनरल कार्पोरेट एवं कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. एफ7090

तिथि: 11 जून, 2019
स्थान: गुड़गांव

गुमशुदा की तलाश

चमेली

सुन्दर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम : चमेली पत्नी : बबलू, निवासी : डी–12/31, पक्का गली, शाहबाद डेरी, दिल्ली, उम्र : 28 साल, लम्बाई : 4'5", चेहरा : गोल, रंग : सांवला, पहनावा : हरे रंग का सूट और पैरों में हवाई चप्पल पहनी है, जो 26.05.2019 से अपने लड़के नाम : सुन्दर, उम्र : 4 साल, के साथ थाना शाहबाद डेरी क्षेत्र से गुमशुदा/ अपहृत है। इस सन्दर्भ में DD. No. 97-A dated 29.05.2019 को पुलिस थाना, शाहबाद डेरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा /अपहृत महिला को तलाश करने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।
अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सूचित करें।
वेबसाइट: http://cbi.nic.in,
मेल आईडी cic@cbi.gov.in,
फोन नं.: 011–24368638, 24368641,
फैक्स : 011–24368639
थानाध्यक्ष
थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली
फोन नं. 011–27821047, 27822207
DP/337/ON/19.

उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद
संख्या: AGC/TRD/T/2019/06 दिनांक: 11.06.2019
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत इंजीनियर (कर्षण), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹)	धरोहर राशि (₹)
1	AGCTRDT 201906	आगरा मण्डल के 25 केवीवी के ट्रैक्शन सबस्टेशनों में मैनिंग करना	12733242.48	213700/-

कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 माह 1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 02.07.2019 को 1500 Hrs. तक भरा जा सकता है। 838/19(K)
North central railway www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

गुमशुदा की तलाश

हेमराज

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नामः हेमराज, पुत्रः फैलीराम, पताः ए–3049, फेज–2, मेट्रो विहार, डीलाम्बी कलां, दिल्ली, उम्रः 26 साल, कदः–5'6", रंगः सांवला, चेहराः लम्बा, शरीरः मध्यम, पहनावाः नीले रंग टी–शर्ट और काली रंग की पैंट और चप्पल पहने है, जो दिनांक 27.05.2019 से पुलिस स्टेशन नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली क्षेत्र से लापता/अपहृत है। इस बाबत DD No. 27-A दिनांक 31.05.2019, थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़के के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लड़के के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन, नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली,
फोनः 011-27787592, 27787593
DP/343/ON/19

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय अधिशासी अभियंता (पश्चिम)-I
ओ.एच.टी. वेरीवाला बाग, सुभाष नगर, नई दिल्ली-110064
प्रेस निविदा सूचना सं. 09/डब्ल्यू-I/(2019-20)

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदाकृत राशि	ई-अधिप्राप्ति समाधान के माध्यम से निविदा जारी होने की तिथि	ई-अधिप्राप्ति समाधान के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	ईई (पश्चिम)-I के अंतर्गत एसी-28 डी नगर निर्माण क्षेत्र में पुरानी इंटिग्रल वीवर लाइन को बदलकर सीवरेज लिंटल का सुधार और पी/एस 293/250 एमएम द्वारा डीडब्ल्यूएस इन्फ्रीडीई पाइप के साथ राम पन्दर बस्ती के लिए नया आउटफॉल प्रदान करना। निविदा आईडी. 2019_डीबीवी_173837_1	₹. 24,66,656/-	10.06.2019 सायंकाल	21.06.2019 सायं 5 03:00 बजेतक
2.	ईई (पश्चिम)-I के अंतर्गत एसी-30 उत्तमनगर में वार्ड नं. 18एम विकास नगर में सीवरेज को रोककर चॉकेज वाटर लाइनों का रखरखाव और मलबा एकत्रण आदि उपलब्ध कराकर एवं विसंक्रमण संदूषण को हटाना। निविदा आईडी. 2019_डीबीवी_173837_2	₹. 15,12,634/-	10.06.2019 सायंकाल	21.06.2019 सायं 5 03:00 बजेतक

इस संबंध में विस्तृत विवरण https://govtprocurement.delhi.gov.in/ देखे जा सकते हैं।
जन सम्पर्क अधिकारी (जल) द्वारा जारी विज्ञापन क्र.: जेएसवी. 64/2019-20
अधिशासी अभियंता (पश्चिम)-I
(O)25125273

Sportking INDIA LTD.
पंजीकृत कार्यालय: 5/69, प्रथम तल, गुरू मानसर, पदम सिंह रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
CIN: L17122DL1989PLC035050ई-मेल: cs@sportking.co.inWebsite: www.sportking.co.inदूरभाष (11) 25754885
हमें निम्नलिखित शेयरों के अंतरण के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ था:

हस्तांतरणकर्ता का नाम	फोलियो नं.	शेयरों की विशिष्ट सं.	शेयर प्रमाणपत्र सं.	हस्तांतरिती का नाम
अमिता गुप्ता	1379	2888901-2889000	00029325	नान्या चावला

हस्तांतरणकर्ता उपरोक्त शेयरों के अंतरण के अनुमोदन हेतु अपेक्षित दस्तावेजों को प्रदान करने में असफल रहा था। यदि किसी व्यक्ति को प्रस्तावित अंतरण पर कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति इस विज्ञापन के प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर उपरोक्त वर्णित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय या हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तीसरा तल, 99, मदनगीर, एलएससी नजदीक दादा हरसुखदास मंदिर के पीछे, नई दिल्ली-110062 के पास भेज सकता है। कथित विज्ञापन सेबी परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/डीओएस3/सीआईआर/पी/2018/139 दिनांक 06.11.2018 के अनुसार दिया जाता है।
कृते स्पोर्टकिंग इंडिया लिमिटेड
ह/-
लोकेश वर्मा
कम्पनी सचिव
एसीएस: 34171
तिथि: 12.06.2019
स्थान: लुधियाना

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम ममता, पुत्री श्री कमताबाई, निवासी: एफ–29, सेक्टर–03, डीएसआईआईडीसी, बवाना दिल्ली है, जो कि थाना क्षेत्र बवाना, बाहरी उत्तरी जिला से दिनांक 16.05.2019 से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है उम्रः 19 वर्ष, कदः 5', रंगः साफ, चेहराः लम्बा, शरीरः पतला, जिसने नीले रंग का सूट व सलवार और लाल रंग की चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में डीडी नं. 16–ए, दिनांक 17.05.2019 को थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।
हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
थानाध्यक्ष
थाना बवाना, दिल्ली
DP/320/ON/19
फोन: 011-27752534, 27756090

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)
लिस्टम निविदा क्र. 51714/निविदा सूचना क्र. 01/म.से.लि./2019-20, गरियाबंद, दिनांक 10.06.2019
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 29.06.2019 समय 17:30 तक आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-
कार्य का नाम:-गरियाबंद जिले के विकास खण्ड के अन्तर्गत धनकानाला व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर के आर.डी. 0 से 3870 मी., माइनर नहर के आर.डी. 0 से 1740 मी. एवं सब माइनर के आर.डी. 0 से 720 मी. तक मिट्टी एवं लाइनिंग कार्य तथा 06 नग पक्की संरचनाओं एवं 39 नग कुलावा का निर्माण कार्य एवं शीर्ष कार्य के डाउनस्ट्रीम में फ्लोर प्रोटेक्शन कार्य।
अनुमानित लागत:- रुपए 267.80 लाख
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 19.06.2019 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते है।
नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पंजीयन/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
हस्ताक्षर
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, गरियाबंद
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)
जी-70614/6

पहचान की अपील